समाचार

स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों का जायजा लिया आयुक्त व सी.ई.ओ. ने

(त्रुटिरहित तैयारियों के संबंध में अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश)

कोरबा 11 अगस्त 2021 –आयुक्त श्री कुलदीप शर्मा एवं जिला पंचायत के सी.ई.ओ. श्री कुंदन कुमार ने आज सी.एस.ई.बी. खेल मैदान पहुंचकर स्वतंत्रता दिवस समारोह की विभिन्न तैयारियों का जायजा लिया। आयुक्त श्री शर्मा ने त्रुटिरहित तैयारियों के संबंध में उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए 13 अगस्त को होने वाले अंतिम रिहर्सल से पूर्व सभी तैयारियों को अंतिम रूप देने के निर्देश दिए।

प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी स्वतंत्रता दिवस मुख्य समारोह का आयोजन सी.एस.ई.बी. खेल मैदान में कोविड–19 के प्रोटोकाल का पालन करते हुए किया जाएगा। कलेक्टर श्रीमती रानू साहू के मार्गदर्शन में स्वतंत्रता दिवस समारोह के संबंध में आवश्यक तैयारियां जिला एवं पुलिस प्रशासन तथा नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा सी.एस.ई.बी.खेल मैदान में की जा रही हैं। आज आयुक्त श्री कुलदीप शर्मा ने स्थल पर पहुंचकर तैयारियों का निरीक्षण किया, इस दौरान उन्होने मंच एवं बैठक व्यवस्था, विशिष्ट अतिथि एवं अतिथि दीर्घा, स्थलों का अवलोकन किया तथा इनकी व्यवस्था के संबंध में अधिकारियों का आवश्यक मार्गदर्शन किया। समारोह स्थल पर लगाए जाने वाले फ्लैक्स बैनर के संबंध में आवश्यक निर्देश देते हुए त्रुटिरहित साउण्ड सिस्टम लगाए जाने तथा जनरेटर की व्यवस्था अनिवार्य रूप से किए जाने के निर्देश दिए ताकि आयोजन के दौरान साउण्ड व्यवस्था में किसी प्रकार का अवरोध उपस्थित न हो। उन्होने मंच की सजावट फूल, माला, गुब्बारे, स्वल्पाहार व मिष्ठान वितरण आदि के संबंध में भी अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री रामगोपाल करियारे, एस.डी.एम.श्री सुनील नायक, निगम के कार्यपालन अभियंता आर.के.माहेश्वरी, पी.डब्ल्यू.डी.के कार्यपालन अभियंता ए.के. वर्मा, सहायक अभियंता प्रकाश चन्द्रा, सी.एस.बनाफर, सोमनाथ डेहरे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।